## आदेश

अभिसूचना मुख्यालय उ0प्र0, लखनऊ से प्राप्त नामांकन के आधार पर मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, लखनऊ के आदेश संख्या–डीजी–चार–स्था0–447/2021 दिनांक 27.10.2021 द्वारा मु0आ0ना0पु0 पीएनओ 040490087 दुर्गेश कुमार मिश्रा का जनपद गोण्डा से अभिसूचना विभाग उ0प्र0, लखनऊ स्थानान्तरण किया गया है।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के पत्र दिनांक 20.11.2021 के द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कर्मी मु0आ0 ना0पु0 का न होकर सशस्त्र पुलिस का आरक्षी है। इस प्रकार अभिसूचना मुख्यालय उ0प्र0, लखनऊ से त्रुटिपूर्ण नामांकन प्राप्त होने के कारण मुख्यालय द्वारा उक्त स्थानान्तरण आदेश निर्गत किया गया था, जिसे कर्मी के सशस्त्र पुलिस में नियुक्त होने की पुष्टि पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा किये जाने के उपरांत नियमानुसार सशस्त्र पुलिस संवर्ग के कर्मी अभिसूचना विभाग में स्थानान्तरित नहीं किये जा सकते है।

अतएव उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के आदेश संख्या–डीजी–चार–स्था0–447/2021 दिनांक 27.10.2021 के द्वारा आरक्षी स0पु0 पीएनओ 040490087 दुर्गेश कुमार मिश्रा का मुख्य आरक्षी ना0पु0 के पद से जनपद गोण्डा से अभिसूचना विभाग किया गया स्थानान्तरण तात्कालिक प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के कार्यवृत्त संख्याः एएसपी–(ई–1)–जनरल–612/2021 दिनांक 30.12.2021 में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA(612)/2021/981 DATE 30/12/2021

30/12/21
(राहुल मिश्र)
अपर पुलिस अधीक्षक/
पुलिस उपाधीक्षक, स्थापना,
कृते पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना/कार्मिक
मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0लखनऊ।

**मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

**संख्याः डीजी–चार–स्था0–612–2021/981** **दिनांकः दिसम्बर 30 ,2021**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– पुलिस अधीक्षक, अधिष्ठान, अभिसूचना, विभाग मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित साथ ही भविष्य में, जो भी नामांकन इस मुख्यालय को प्रेषित किये जायें उनका भली–भांति परीक्षण के उपरांत ही प्रेषित किया जाये ताकि, भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो।

2– पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा।

3– पुलिस अधीक्षक, जनपद गोण्डा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संख्या तथा दिनांक वही

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–**

1– पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

2– अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।

3– अपर पुलिस महानिदेशक, अभिसूचना विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।